संदेश

एक विख्यात दार्शनिक और शिक्षक, भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

हमारे देश में गुरु शिष्य की महान परंपरा रही है। शिक्षक अपना ज्ञान विद्यार्थियों को देकर उन्हें सशक्त बनाते हैं। वे बच्चों को एक अच्छा इंसान बनाते हैं। इसलिए समाज शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करता है। शिक्षक एक आदर्श हैं जो बच्चों में जिज्ञासा और सीखने की भावना पैदा करते हैं।

मैं इस अवसर पर, डॉ. राधाकृष्णन के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और हमारे महान राष्ट्र के सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई देता हूं।